दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 6 | अभिव्यक्ति 7 | आंचलिक 8 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 28 जनवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 296 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

सही बात है। मोहब्बत और अदावत की तरह ही सियासत में भी सब कुछ जायज होता है। जानी दुश्मन कब जिगरी दोस्त बन जाए और कब किसकी दोस्ती दुश्मनी में बदल जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। नीतीश कुमार तो वैसे ही पलटी मारने के लिए कुख्यात हैं। भाजपा ने भले ही उनके लिए दरवाजे बंद कर दिए थे लेकिन खिड़की और रौशनदान खुले रखे थे। नीतीश कुमार के लिए तो करतब दिखाने के लिए एक छोटा सा सुराख ही काफी है। अब तो खैर उनके लिए सिमसिम खुद दरवाजा खोलने जा रहा है। अब होगा मजेदार खेला।

कोयला और शराब घोटाले में 100 से अधिक लोगों पर केस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कोयला और शराब घोटाले में मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में एफआईआर दर्ज कराई है। ईडी की ओर से दर्ज केस में कोयला घोटाले में 71 नामजद और शराब घोटाले में 35 नामजद आरोपितों के नाम शामिल है। जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है, उसमें पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, दो निलंबित आईएएस, पूर्व मुख्य सचिव, रिटायर्ड आईएएस अफसर सहित कई अन्य कांग्रेसी नेता शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय की टीम छत्तीसगढ़ में पिछले ढाई सालों से कोल और शराब से जुड़े स्कैम मामले की जांच कर रही है। यह करीब 2500 करोड़ रुपए से ज्यादा है। इसमें कई आईएएस अफसरों पर शिकंजा कसा जा चुका है। इसके अलावा कई कारोबारी भी जेल में हैं। अब इसमें पूर्व मंत्रियों के साथ कई कांग्रेसी नेता भी फंसते दिखाई दे रहे हैं।

शराब मामले में इन पर केस दर्ज : ईडी की ओर से शराब घोटाले के मामले में रायपुर मेयर एजाज ढेबर के कारोबारी भाई अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अरूणपति त्रिपाठी, पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, आईएएस निरंजन दास, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोयला घोटाले में इनके खिलाफ अपराध दर्ज

वहीं कोयला घोटाले के मामले में कवासी लखमा, विधायक और पूर्व आबकारी मंत्री, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, अमरजीत भगत, पूर्व खाद्य मंत्री, बृहस्पत सिंह, पूर्व विधायक, गुलाब कमरो पूर्व विधायक, शिशुपाल सोरी पूर्व विधायक, चंद्रदेव प्रसाद राय पूर्व विधायक, यूडी मिंज पूर्व विधायक, समीर विश्नोई निलंबित आईएएस, रानू साहू निलंबित आईएएस, सौम्या चौरसिया पूर्व उप सचिव, सीएम कार्यालय, संदीप नायक सहायक खनिज अधिकारी, शिवशंकर नाग खनिज अधिकारी, सूर्यकांत तिवारी कोल कारोबारी, मनीष उपाध्याय, रौशन सिंह, निखिल चंद्राकर, राहुल सिंह, मोइनुद्दीन कुरैशी, वीरेंद्र जायसवाल, रजनीकांत तिवारी, नवनीत तिवारी, रामगोपाल अग्रवाल तत्कालीन कोषाध्यक्ष कांग्रेस, राम प्रताप सिंह तत्कालीन प्रवक्ता कांग्रेस, विनोद तिवारी पीईपी, इंदरीश गांधी पीईपी, सुनील कुमार अग्रवाल, चंद्रप्रकाश जायसवाल और लक्ष्मीकांत तिवारी पर केस दर्ज किया गया है।

पूर्व सीएम भूपेश ने बीजेपी का बताया साजिश

ईडी द्वारा एसीबी में कोयला और शराब घोटाला मामलों में पूर्व कांग्रेस मंत्रियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों से ईडी और आईटी जांच कर रहे थे जांच के बाद उन्होंने अब एसीबी से एफआईआर दर्ज करने को कहा है। पहले ईडी और आईटी द्वारा की गई जांच के दौरान हमारे कई नेताओं के नाम का उल्लेख नहीं किया गया था, लेकिन अब अचानक हमारे नेताओं के नाम एफआईआर में हैं। बघेल ने भाजपा पर कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने की साजिश बताते हुए कहा कि इससे स्पष्ट है कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के नेताओं को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। इससे पता चलता है कि विष्णुदेव साय कितने छोटी सोच के हैं।

पीएम मोदी आज सुको के हीरक जयंती समारोह का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 28 जनवरी को दोपहर 12 बजे सुप्रीम कोर्ट सभागार में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नागरिक केंद्रित सूचना और प्रौद्योगिकी पहलें लॉन्च करेंगे, जिसमें डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट (डिजी एससीआर), डिजिटल कोर्ट 2.0 और सुप्रीम कोर्ट की नई वेबसाइट शामिल हैं। इस मौके पर पीएम मोदी सभा को भी संबोधित करेंगे। डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट (एससीआर) देश के नागरिकों को मुफ्त और इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को उपलब्ध कराएगी। डिजिटल एससीआर की मुख्य विशेषता यह हैं कि 1950 के बाद से 36,308 मामलों को कवर करने वाली सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट के सभी 519 खंड डिजिटल प्रारूप में, बुकमार्क किए गए, उपयोगकर्ता के अनुकूल और सभी लोगों की पहुंच के साथ उपलब्ध होंगे। डिजिटल कोर्ट 2.0 अनुप्रयोग जिला अदालतों के न्यायाधीशों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा आज आएंगी रायपुर

रायपुर/नवप्रदेश। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा आज दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आएंगी। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला दौरा है। वे यहां महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव और न्याय यात्रा के लिए रिचार्ज करेंगी। राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक लेंगी। दोनों दिन तक अलका लंबा अलग-अलग कार्यक्रम में शामिल होंगी। कांग्रेस पार्टी की तरफ से जानकारी दी गई है कि अलका लांबा रविवार सुबह 11 बजे कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन पहुंचेंगी। वहां सबसे पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस लेंगी। फिर करीब 1 बजे से महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होगी। इस बैठक में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा होगी।

बिजली की नई दर जल्द होगी लागू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नई बिजली दर तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन प्रमुख सरकारी बिजली कंपनियों ने टैरिफ प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग को भेज दिया है। आयोग इन प्रस्तावों का अध्ययन करने के बाद इन्हें सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करेगा। राज्य विद्युत नियामक आयोग के सचिव एसपी शुक्ला ने मीडिया को बताया कि आयोग को कंपनियों से टैरिफ प्रस्ताव मिल गया है। नई दरों के निर्धारण की प्रक्रिया चल रही है। बिजली के दाम बढ़ेंगे या वही रहेंगे, इस पर फैसला लिया जाएगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए कहा जा रहा है कि इस साल बिजली दरों में कोई खास बदलाव नहीं होगा। हालांकि, यह भी चर्चा है कि बिजली दरों के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू होने तक चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर दी जायेगी। ऐसे में चुनाव खत्म होने के बाद ही नई दरों की घोषणा की जाएगी। ऐसे में जरूरत पड़ने पर जरूरत के हिसाब से दरें बढ़ाई जा सकती हैं।

एक हजार लोगों की हुई घर वापसी

रायपुर/नवप्रदेश। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के रायपुर में आयोजित हनुमंत कथा में शनिवार को मंतातरित लोगों की घर वापसी कराई गई। कथा के अंतिम दिन 251 परिवार के एक हजार मतांतरित लोगों ने अपने मूल धर्म में वापसी की। ये सभी लोग रायगढ़, जशपुर, कोरबा, सक्ति व धमतरी जिले के रहने वाले हैं। घर वापसी करने वालों के चरण धोकर भगवा पटका पहनाया गया साथ ही भगवान की आरती करवाई गई। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने वापसी करने वालों को भगवा गमछा पहनाकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान भाजपा नेता व मंतातरित लोगों की घर वापसी के अभियान में लगे प्रबल प्रताप सिंह जूदेव भी मौजूद रहे। इस दौरान जूदेव ने कहा कि आज के कार्यक्रम में 251 परिवार की घर वापसी हुई।

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने बनाई स्ट्रेटजी

रायपुर/नवप्रदेश। हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को करारी हार मिली है। कांग्रेस के 2 राज्य छिन गए। छत्तीसगढ़ और राजस्थान से पार्टी की सरकार चली गई। जबकि मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस सरकार बनाने में नाकाम रही है। केवल तेलंगाना में ही कांग्रेस को बहुमत मिला। विस चुनाव में मिली हार को पीछे छोड़ अब कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें जीतने के लिए शुक्रवार और शनिवार को कांग्रेस की बैक टू बैक बैठकें हुईं। शुक्रवार को जहां कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई तो वहीं शनिवार को कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक हुई। इस बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर स्ट्रेटजी बनाई गई। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, स्क्रीनिंग कमेटी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्याय यात्रा के सीनियर ऑब्जर्वर बनाए गए भूपेश

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के व्यवस्थित संचालन के लिए छग के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को बिहार में यात्रा के समन्वयन के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए शनिवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बघेल को तत्काल काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि बघेल भारत जोड़ो न्याय यात्रा के व्यवस्थित संचालन के साथ ही बिहार में पार्टी की अन्य गतिविधियों को भी देखेंगे। भूपेश बघेल शनिवार शाम को दिल्ली रवाना हो गए। वे रविवार को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पोप के शतक से इंग्लैंड को बढ़त

हैदराबाद। ओली पोप की शतकीय पारी के दम पर इंग्लिश टीम भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में बनी हुई है। टीम ने तीसरे दिन मेजबानों पर 126 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लिश टीम ने स्टंप्स तक दूसरी पारी में 316/6 रन बना लिए हैं। ओली पोप 148 रन और रेहान अहमद 16 रन पर नाबाद हैं। हैदराबाद में शनिवार को भारत ने 421/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और और पहली पारी में 436 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने आखिरी तीन विकेट गंवा कर 15 रन ही बनाए।

सीएम साय ने दैनिक नवप्रदेश के वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को राज्य अतिथि गृह पहुना में दैनिक नव प्रदेश के वर्ष 2024 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर दैनिक नवप्रदेश के प्रधान संपादक यशवंत धोटे, डायरेक्टर सौरभ, हेमंत और अगस्ती तांडी भी उपस्थित थे।

विधायक लता उसेंडी लोस चुनाव के लिए ओड़िशा के सहप्रभारी नियुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा ने आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारियों और सह-प्रभारियों की घोषणा कर दी है। भाजपा की ओर से जारी की गई प्रभारियों और सह-प्रभारियों की सूची में छत्तीसगढ़ की लता उसेंडी का नाम भी शामिल हैं। बीजेपी ने लता उसेंडी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें ओडिशा का सह प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी ने सांसद विजयपाल सिंह को ओडिशा का प्रभारी नियुक्त किया है। लता उसेंडी सांसद विजयपाल सिंह के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के लिए काम करेंगी। लता उसेंडी आदिवासी समुदाय से आती हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के कोंडागांव विधानसभा सीट से विधायक हैं। लता उसेंडी छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में मंत्री भी रहीं हैं। उसेंडी भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी शामिल हैं। लता उसेंडी को पहली बार जेपी नड्डा की टीम में जगह मिली है।

लोगों के सपनों को करेंगे साकार, हर वादा पूरा करेगी हमारी सरकार : साय

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गणतंत्र दिवस के मौके पर जगदलपुर के लालबाग मैदान में तिरंगा फहराया। फि र परेड की सलामी ली। जगदलपुर के मंच से मुख्यमंत्री ने कहा है कि भगवान राम के प्रति अटूट श्रद्धा हमारी पहचान है। हम 'रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाई' का अनुसरण करते हैं। हमारी चेतना में एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन समाहित है, जो हमें मानव धर्म के लक्ष्यों के प्रति जागरूक रखता है। इनके रास्ते पर चलते हुए हम छत्तीसगढ़ के जन-जन का सपना पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आज के दिन, भारत के अमृत काल में, 75वें गणतंत्र दिवस के रूप में एक सुनहरी कड़ी जुड़ रही है। यह पावन अवसर हमारे देश के महान संविधान की सफलता का सबसे बड़ा पर्व है। इस अवसर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

विडंबना... गड़बड़ियों की शिकायतों की सुनवाई के लिए लोकपाल की नियुक्ति है आवश्यक

लोकपाल नियुक्त नहीं करने पर सीवी रमन यूनिवर्सिटी डिफाल्टर घोषित

विक्रम सिंह ठाकुर

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्वविद्यालय में होने वाली गड़बड़ियों की सुनवाई के लिए लोकपाल नियुक्त नहीं करने पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने जिले के करगीरोड कोटा स्थित सीवी रमन यूनिवर्सिटी को डिफाल्टर यूनिवर्सिटी की सूची में डाल दिया है। लोकपाल की नियुक्ति विश्वविद्यालयों में आवश्यक है ताकि छात्र-छात्राओं की शिकायतों की सुनवाई हो सके। सीवी रमन यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक गतिविधियों में गड़बड़ियों से संबंधित मामले उठते रहे हैं। कुछ कोर्ट में भी पहुंचे हैं। अब लोकपाल की नियुक्ति नहीं करने पर यूजीसी ने भी विश्वविद्यालय प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया है और उसे डिफाल्टर विश्वविद्यालयों की सूची में डाल दिया है। लोकपाल की नियुक्ति ना करने के पीछे मंशा यही हो सकती है कि लोग शिकायतें ही न रख सकें। अब यूजीसी ने ऐसे डिफ ल्टर विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है, जिन्होंने लोकपाल की नियुक्ति नहीं की है। यूजीसी के सचिव प्रो. मनीष आर. जोशी द्वारा जारी की गई इस सूची में 421 विश्वविद्यालय शामिल है, जिनमें बिलासपुर जिले के कोटा स्थित सीवी रमन यूनिवर्सिटी भी शामिल है। विश्वविद्यालयों ने चेतावनी के बाद भी लोकपाल की नियुक्ति नहीं की। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को नियमों के तहत लोकपाल की नियुक्ति करने की चेतावनी देते हुए कहा था कि विश्वविद्यालयों में होने वाली गड़बड़ियों की सुनवाई के लिए यह नियुक्ति आवश्यक है, लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा तय समय के बाद भी नियमानुसार लोकपाल की नियुक्ति नहीं की गई। इस नए नियम को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायत का निवारण)विनिमय 2023 कहा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इसलिए नियुक्त होते हैं लोकपाल

लोकपाल द्वारा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े प्रकरणों का निपटारा किया जाता है एवं वित्तीय अनियमितताओं से लेकर सभी तरह के भ्रष्टाचार, मूल्यांकन कार्य में लापरवाही और इस तरह की सभी समस्याओं को लेकर लोकपाल को शिकायत की जा सकती है। विवि एक स्वायत्त संस्था है, जिसकी जांच की जिम्मेदारी लोकपाल पर ही होती है, लेकिन सीवी रमन यूनिवर्सिटी लोकपाल की नियुक्ति ही नहीं की। निजी यूनिवर्सिटी में छात्र-छात्राओं के शोषण की शिकायतें यूजीसी को मिलती रही।

प्रबंधन के खिलाफ कई गंभीर आरोप

सीवी रमन यूनिवर्सिटी के खिलाफ डिग्री बेचने की शिकायतें भी हो चुकी हैं। एक महिला प्रोफेसर द्वारा यूनिवर्सिटी पर आरोप लगाया गया था कि सीवी रमन यूनिवर्सिटी द्वारा छात्र -छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए फर्जी डिग्री बेची जा रही है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद कोटा थाने में सीवी रमन यूनिवर्सिटी प्रबंधन के खिलाफ एफ आईआर दर्ज की गई थी, इसके साथ महिला प्रोफेसर ने कई अन्य आरोप भी लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कुछ मामलों की सुनवाई भी चल रही है।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत तूलतुली

गांव को स्वच्छ रखे
हमर निर्मल गांव
हमर सुघर गांव

26 जनवरी गणतंत्र दिवस

अरूण नायक
सचिव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत कन्हारपूरी

गांव को स्वच्छ रखे
बीमारी से मुक्ति पाए
हमर सुघर गांव,
स्वच्छ सुंदर गांव

26 जनवरी गणतंत्र दिवस

ग्राम पंचायत कन्हारपूरी
सरपंच/सचिव

लच्छू राम निषाद
सचिव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत कोदागांव

मोर स्वच्छ गांव
मोर सुंदर गांव

26 जनवरी गणतंत्र दिवस

सरपंच
ग्राम पंचायत कोदागांव

श्री पंचुराम नायक
भाजपा मंडल अध्यक्ष धनेलीकन्हार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

26 जनवरी गणतंत्र दिवस

श्रीमती हीरा बाई पड़ोटी
सरपंच

मुकेश नाग
सचिव

समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत पीढ़ापाल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

26 जनवरी गणतंत्र दिवस

विनीत: सिद्धांत हॉस्पिटल

मेन रोड होण्डा शो रूम के बाजू कांकेर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

26 जनवरी गणतंत्र दिवस

नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करें।
समय पर करों का भुगतान करें।
जल ही जीवन है इसे व्यर्थ ना बहायें।
वृक्ष लगाएं। वनों को आग से बचाएं।

विनीत: मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर पंचायत नरहरपुर

कर्तव्य पथ पर निकली 'बस्तर की आदिम जनसंसद मुरिया दरबार' दर्शकों का मोहा मन

रायपुर/नवप्रदेश। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल छत्तीसगढ़ की झांकी ''बस्तर की आदिम जनसंसद मुरिया दरबार'' ने दर्शकों का मन मोह लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के अनेक शीर्षस्थ लोग, विशिष्ट अतिथिगण तथा आम-नागरिक दर्शक-दीर्घा में उपस्थिति थे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मुख्य अतिथि थे। प्रदेश की इस झांकी के विषय चयन एवं प्रस्तुतिकरण के लिए राज्य शासन ने जनसंपर्क विभाग को जिम्मेदारी दी थी। विषयों पर व्यापक शोध एवं अन्वेषण के बाद वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में झांकी को तैयार किया गया था। छत्तीसगढ़ की झांकी भारत सरकार की थीम 'भारत लोकतंत्र की जननी' पर आधारित थी। यह झांकी जनजातीय समाज में आदि-काल से उपस्थित लोकतांत्रिक चेतना और परंपराओं को दर्शाती है, जो आजादी के 75 साल बाद भी राज्य के बस्तर संभाग में जीवंत और प्रचलित है। इस झांकी में केंद्रीय विषय ''आदिम जन-संसद'' के अंतर्गत जगदलपुर के ''मुरिया दरबार'' और कोंडागांव जिले के बड़े डोंगर में स्थित ''लिमऊ-राजा'' को दर्शाया गया था। झांकी के प्रदर्शन के दौरान कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने परब नृत्य भी प्रस्तुत किया।

चार बच्चें राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित

राज्यपाल ने किया पुरस्कृत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राज्य के 4 बच्चों को उनकी विशेष वीरता, साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। इस पुरस्कार के लिए इन बच्चों को 25 हजार रूपए की राशि और प्रशस्ति पत्र दिया गया है। इनमें मास्टर अरनव सिंह, मास्टर ओम उपाध्याय, मास्टर प्रेमचंद साहू और मास्टर लोकेश कुमार साहू शामिल हैं। सरगुजा जिले के लक्ष्मीपुर में रहने वाले 16 वर्षीय मास्टर अरनव सिंह ने बताया कि 12 नवम्बर 2023 को अपने परिवार के साथ गृह ग्राम उदयपुर में दीपावली पूजन के उपरांत सहपरिवार रात्रि 11.30 बजे कार से अम्बिकापुर की ओर आ रहे थे। रात्रि लगभग 12.30 बजे साड़बहार बैरियर के पास पहुंचते ही उन्हें कुछ दूरी पर आग की ऊंची-ऊंची लपटें दिखाई देने लगी। वहां जाकर देखा कि स्वच्छता चेतना पार्क के पास स्थित डंपिंग यार्ड में भीषण आग लगी हुई थी। मास्टर अनवर सिंह ने तत्काल 112 नम्बर पर कॉल किया। 15 मिनट के भीतर ही मणिपुर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गये और वहां सो रहे तीन व्यक्तियों तथा चौकीदार को जगाकर उठाया एवं प्रशासन के सहयोग से सभी को सुरक्षित बाहर निकलवाया। दुर्ग जिले के कृपाल नगर भिलाई निवासी दिव्यांग 16 वर्षीय मास्टर ओम उपाध्याय 20 दिसम्बर 2023 को सुबह 8.30 बजे अपने घर के पास छोटे-छोटे बच्चों के साथ खेल रहे थे। दूर खड़े ओम ने देखा कि कुछ खौफनाक कुत्ते बच्चों की ओर बढ़ रहे है, उसने पहले कुत्तों को वहां से भगाने का प्रयास किया, लेकिन एक कुत्ता आक्रमक हो गया और बच्चों की तरफ दौड़ने लगा। तब मास्टर ओम ने अपने जान की परवाह किए बगैर बच्चे को बचाया और आक्रमक कुत्ते को दौड़ने लगा, इस दौरान कुत्ते ने ओम के हाथ में दांत गड़ा दिया।

महिला वोटर्स को साधने गांव-गांव पहुंचेगी भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत में महिलाओं का अहम रोल रहा है। अब लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत के लिए पार्टी ने महिला विंग, महिला मोर्चा प्रदेश की 35 लाख महिलाओं तक पहुंचेंगी। गांव-कस्बों और शहरों में चाय पर चर्चा कार्यक्रम के जरिए केंद्र की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। चाय पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के बीच जाकर भाजपा की नेता सौंधी चाय पकाकर महिलाओं को देंगी। उनके साथ उनके क्षेत्र की समस्याओं को जानेंगी। स्थानीय स्तर पर हल हो सकने वाली समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराएंगी। प्रदेश स्तर के मामले राज्य सरकार के पास भेजे जाएंगे। लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए माहौल तैयार करने संगठन ने महिला नेताओं को स्पेशल टास्क दिया है। इसमें जितने भी स्व सहायता समूह हैं, गांव में स्थानीय उद्योग चलाने वाली, खेती किसानी से जुड़ी औरतों से भी संपर्क साधा जाएगा। रायपुर के प्रदेश भाजपा कार्यालय में हाल ही में शक्ति वंदन वर्कशॉप हुई।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

मुख्य कार्यपालन अभियंता

एवं समस्त स्टॉक मिनीमाता उसदेव बांगो नगर संभाग क्रमांक-6, जिला सक्ती (छ.ग.)

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

बी एल करे

जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त स्टाफ शैक्षणिक जिला: सक्ती (छ.ग.

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

राकेश द्विवेदी

अनुविभागीय अधिकारी एवं समस्त स्टॉफ लोक निर्माण विभाग-सती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

आबकारी निरीक्षक एवं समस्त स्टॉफ आबकारी विभाग, सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला: सक्ती (छ.ग.)

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिला सक्ती (छ.ग.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

कृषक उन्नत एवं नई तकनीकी का प्रयोग कर दलहन तिलहन का उत्पादन बढाकर समृद्धि लायें

कृषि विभाग मुंगेली

एग्रीकल्चर टेक्नोलाजी मैनेजमेंट एजेंसी: आत्मा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

लोक निर्माण विभाग

मुंगेली, जिला-मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

मनियारी जल संसाधन संभाग

जिला-मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

शिक्षा विभाग मुंगेली

जिला-मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

शुभेच्छु

समस्त ठेकेदार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मुंगेली

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

उमाशंकर साहू
अध्यक्ष
भाजपा जरहागांव मंडल

दुर्गा साहू
सदस्य
जिला पंचायत मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

लोकराम साहू
सरपंच

भारती साहू
सदस्य
जिला पंचायत मुंगेली

क्षेत्र के नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

तरुण खाण्डेकर
जिलाध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा

पुन्नूलाल मोहले
विधायक, मुंगेली

क्षेत्र के नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

संकलनकर्ता
सुशील शुक्ला, जिला प्रतिनिधि

नवप्रदेश जिला कार्यालय, मुंगेली मो. 9926852357

■ न्यूज गैलरी

परिश्रम एवं लगन ही सफलता का मूलमंत्र - लहरिया

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला दर्राभांठा में 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक प्रतिनिधि अरविंद लहरिया ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में दर्राभांठा सरपंच पीतांबर सिदार अर्जुन शर्मा कामता प्रसाद शाह रामेश्वर पप्पू साहू उमेश चंद्राकर नीलकंठ यादव लक्की भावेश उमेश कश्यप जगदीश कश्यप मनबोधराम पटेल दम्मक साहू सफेदलाल पुनुराम जगन्नाथ उपस्थित रहे। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरुस्कार वितरण समारोह में श्री लहरिया ने बेहतर प्रदर्शन करने। वालों को बच्चों को पुरस्कृत किया।शाला के प्राचार्य सुजय कुमार शरण की मांग पर उपस्थित अरविंद लहरिया ने शौचालय बनवाने , सुरक्षा के मद्देनजर 11 केवी पोल को शाला प्रांगण से हटवाने तथा अन्य मांगों के लिए किसी मद से मांग को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। अरविंद लहरिया ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिससे सफल जीवन का निर्धारण किया जा सकता है। परिश्रम एवं लगन की सफलता का मूलमंत्र है। आप सभी कठोर परिश्रम कर माता पिता एवं संस्था को गौरवान्वित करें। इस दौरान शाला के सभी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं का विशेष योगदान रहा ।

हापा एक्सप्रेस का ओखा तक विस्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल यात्रियो की सुविधाओ एवं मांग को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन के द्वारा बिलासपुर हापा-बिलासपुर के मध्य चल रही 22939/ 22940 हापा-बिलासपुर-हापा एक्सप्रेस के परिचालन में ओखा तक विस्तार किया जा रहा है । जिससे हापा एवं ओखा के मध्य आने एवं जाने के लिए मिलेगी रेल यात्रियो को सुविधा। 27 जनवरी, को हापा से चलाने वाली 22939 हापा-बिलासपुर एक्सप्रेस का परिचालन हापा के स्थान ओखा से किया जाएगा । इसी प्रकार विपरीत दिशा मे भी यह ट्रेन दिनांक 29 जनवरी, को बिलासपुर से चलने वाली 22940 बिलासपुर-हापा एक्सप्रेस का परिचालन ओखा तक किया जाएग। इस गाड़ी की समय सारणी इस प्रकार है।

शराब पीने के लिए मांगे रुपये, मना करने पर उस्तरा से किया हमला

बिलासपुर। पुराना बस स्टैंड के पास बदमाश युवक ने छात्र से शराब पीने के लिए रुपये मांगे। मना करने पर उसने छात्र को कार से उतारकर उस्तरा से हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने बदमाश को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। हमले में घायल छात्र ने घटना की शिकायत की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। उसलापुर के आनंदनगर में रहने वाले आदित्य कोसले विद्यार्थी हैं। फिलहाल वे नीट की तैयारी कर रहे हैं। गुरुवार को वे अपने टीचर अरुण कुमार भारती के साथ चाय पीने के लिए पुराना बस स्टैंड के पास गए थे। कार पर ही बैठकर वे चाय पी रहे थे। इसी दौरान एक युवक उनकी कार के पास आ गया। उसने आदित्य की कार का दरवाजा शराब पीने के लिए रुपये मांगे। मना करने पर उसने छात्र को खींचकर बाहर निकालने की कोशिश की। मना करने पर युवक ने आदित्य पर उस्तरा से हमला कर दिया। हमले में घायल छात्र ने डायल 112 को काल किया। पुलिस के पहुंचने तक आसपास के लोगों ने हमलावर को पकड़ लिया। पुलिस की टीम आरोपित युवक को पकड़कर थाने ले आई। यहां पूछताछ में आरोपित युवक ने अपना नाम शेख आशिक उर्फ जिशान निवासी करबला बताया। हमले में घायल आदित्य ने घटना की शिकायत तारबाहर थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। रात होते ही पुराना बस स्टैंड के पास असामाजिक तत्व का जमावड़ा होने लगता है। पास में ही शराब दुकान होने के कारण यहां पर आए दिन शराब के नशे में मारपीट की शिकायत मिलती है। पुलिस पेट्रोलिंग की टीम भी यहां कार्रवाई नहीं करती। इसके कारण बदमाशों के हौसले बुलंद हैं।

केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी अग्रवाल ने नीति आयोग के कार्यों के प्रगति का किया समीक्षा

नारायणपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार वित सेवा विभाग, केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी श्री अमित अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में केन्द्रीय योजनाओं एवं नीति आयोग के संबंध में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर जानकारी ली। बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों यथा गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, पोशण की स्थिति, एनीमिया जांच, लिंगानुपात, एनआरसी की स्थिति, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की आधारभूत संरचनाएं, शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्कूली शिक्षा, शौचालय, पेयजल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तहत् जल जीवन मिशन, इसी प्रकार कृशि विभाग अंतर्गत सिंचाई के संसाधन, रबी एवं खरीफ फसल विवरण, फसल बीमा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा सहित कौशल विकास उन्नयन की समीक्षा की गयी। बैठक में श्री अग्रवाल ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित एजेंडे के तहत् इंडीकेटर के अलावा अन्य सूचकांक संभावना वाले क्षेत्रों एवं परियोजनाओं पर भी लक्षित किया जाना चाहिए।

गणतंत्र दिवस पर पुलिस परेड ग्राउंड में गरिमामय समारोह का आयोजन, शहीदों के परिजन किए सम्मानित

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने किया ध्वजारोहण

शासकीय योजनाओं पर आधारित जीवंत झांकी का प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। 75वां गणतंत्र पर्व जिले में गरिमामय माहौल में उत्साहपूर्वक मनाया गया। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने संभागीय मुख्यालय बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। परेड कमाण्डर प्रशिक्षु आईपीएस अजय कुमार द्वारा राष्ट्रगान की धुन पर सलामी दी गई। दर्शक अपने स्थान पर खड़े हुए तथा वर्दीधारी अधिकारियों ने सेल्यूट किया।

मुख्य अतिथि ने शांति के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाए और हर्षोल्लास और उमंग के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े। परेड कमाण्डर के नेतृत्व में पूरे परिधान में सजे हुए 12 प्लाटूनों ने भव्य एवं आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया। पुलिस एवं नगर सेना द्वारा राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विकास कार्यो की मनोहारी झांकी ने सबका मन मोह लिया। श्री साव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया।

इस अवसर मुख्य अतिथि ने नक्सल हिंसा में शहीद हुए 26 जवानों के परिजनों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि साव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 90 अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिनमें स्वास्थ्य विभाग, पुलिस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी शामिल है। मेजर ध्यानचंद पुरस्कार के तहत तैराकी में सुश्री अंजिक्या तिवारी और बैडमिंटन में मास्टर अभिजीत सखूजा को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरूस्कृत किया गया।

स्कूली बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

समारोह में लगभग स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यर्क्रमों, योग प्रदर्शन एवं मास पी.टी. की प्रस्तुति दी गई। इनमें स्वामी आत्मानंद उ.मा. शाला चिंगराजपारा, स्वामी आत्मानंद उ.मा. शाला कन्या सरकंडा, कैरियर पॉइंट स्कूल ढेका, नेशनल कॉन्वेंट उ.मा. शाला भारतीय नगर, मोहन्ती हिन्दी उ.मा. शाला, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरतोरी, एवं ड्रीमलैण्ड उ.मा. शाला बंधवापारा स्कूल के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहला पुरस्कार कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरतोरी, दूसरा पुरस्कार स्वामी आत्मानंद उ.मा. शाला चिंगराजपारा, तीसरा पुरस्कार स्वामी आत्मानंद उ.मा. शाला कन्या सरकंडा को मिला।

संभाग आयुक्त कार्यालय में कमिश्नर शिखा राजपूत तिवारी ने किया ध्वजारोहण

संभागायुक्त कार्यालय में कमिश्नर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने आज गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर ध्वजारोहण किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात् राष्ट्र गान ''जन-गण-मन'' गाया गया। इस मौके पर उपायुक्त श्रीमती अर्चना मिश्रा और अखिलेश साहू सहित संभागायुक्त कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। कमिश्नर द्वारा अपने निवास कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया गया।

योजनाओं पर आधारित झांकी का जीवंत प्रदर्शन

जिले के विभिन्न 19 विभागों द्वारा शासन की फ्लैगशीप योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक झांकियों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। झांकी में राज्य शासन की उपलब्धियों को खूबसूरत तरीके से दर्शाया गया। झांकी में पहला पुरस्कार जिला पुलिस को निजात अभियान के लिए, दूसरा पुरस्कार जिला पंचायत और तीसरा पुरस्कार जेल विभाग को मिला। कार्यक्रम में महापौर रामशरण यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, नगर निगम सभापति शेख नजरूददीन, कमिश्नर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी, आईजी अजय यादव, कलेक्टर अवनीश शरण, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शद्य अजय अग्रवाल, एडीएम द्वय आर.ए.कुरूवंशी,,सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी, कर्मचारी, मीडिया तथा गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

त्रिवेणी भवन में 30 को उपदेश वाणी कार्यक्रम

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व भारती युग जागरण युग क्रान्ति देव संस्कृति कल्कि धर्म शक्ति मंच द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे युग उत्थान-युग निर्माण अभियान के अन्तर्गत युग प्रणेता कल्कि राय अनिमेष वासुदेव के अनुसार 30 जनवरी को त्रिवेणी भवन व्यापार विहार बिलासपुर में कल्कि राय अनिमेष वासुदेव का युग कल्याण उपदेश वाणी कार्यक्रम आयोजन किया गया है। अभियान के अन्तर्गत 20 लघु अभियायानों की श्रृंचाला में सतयुग स्मरण - सतनाम धर्म विशलेषण अभियान, युग साधना - युग का स्तूप स्थापना, युग समय का तर्पन अभियान, युग प्रतिकार युग मंथन अभियान, युग साधना युग का सतूप स्थापना, सतयुग चिंतन -सतनाम धर्म का कलशा स्थापना अभियान, धर्म सदस्यता अभियान के साथ लघु अभियान मुख्य हैं। हरिद्वार ऋषिकेष उत्तरकाशी गया प्लासी कलकत्ता बोलपुर, ढाका के साथ उन्य जिले में भी कार्यक्रम होंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 75वां गणतंत्र दिवस गरिमा के साथ मनाया

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मुख्यालय, बिलासपुर सहित तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर में 75वां गणतंत्र दिवस पूरी गरिमा व परंपरा के अनुसार आज दिनांक 26 जनवरी 2024 को मनाया गया । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम स्थानीय एन.ई.इंस्टिट्यूट मैदान पर आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे उपस्थित में हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि आलोक कुमार, महाप्रबंधक द्वारा मुख्य सुरक्षा आयुक्त की अगुवाई में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तद्उपरांत उन्होंने रेल सुरक्षा बल के जवानों, सिविल डिफेंस के कार्यकर्ताओं, सेन्ट जॉन्स एम्बुलेंस, एन.सी.सी. एवं स्काउट एण्ड़ गाईड के

ट्रुपों द्वारा तैयार आकर्षक मार्च- पास्ट की सलामी ली एवं परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री आलोक कुमार ने अपने सम्बोधन में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का यह दिन लोकतांत्रिक व्यवस्था व संविधान के प्रति हमारी आस्था को सुदृढ़ करता है तथा देश के प्रति हमारे कर्तव्यों को याद कराता है । 170 वर्षो से भी अधिक समय से भारतीय रेलवे ने निरंतर देश की एकता, अखंडता तथा जन सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होनें आगे कहा कि आजादी के बाद से हमारा देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। देश की गति, प्रगति, उन्नति तथा समृद्धि में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एक महत्वपूर्ण सहभागी रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए उन्होनें कहा कि हमें इस बात पर गर्व है कि हमारा जोन देश सेवा हेतु सर्वाधिक माल लदान करने वाले जोनो में से एक है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 185 मिलियन टन से अधिक की लोडिंग कर ली गई है।

औद्योगिक कचरा प्रबंधन के लिए नगर निगम के साथ सीएसआईडीसी ने किया अनुबंध

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिरगिट्टी क्षेत्र में उद्योगों से निकले कचरे के प्रबंधन के लिए सीएसआईडीसी एवं नगर निगम के बीच अनुबंध किया गया है। जिसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा औद्योगिक क्षेत्र से कचरे का संग्रहण एवं परिवहन बाहर निर्धारित स्थल पर किया जायेगा। सीएसआईडीसी इसके लिए उन्हें निर्धारित शुल्क अदा करेगी। गौरतलब है कि कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने विगत दिनों आयोजित बैठक में औद्योगिक कचरे के निपटारे के लिए स्थायी व्यवस्था करने के निर्देश सीएसआईडीसी को दिए थे।

कलेक्टर अवनीश शरण ने इस सिलसिले में आज सिरगिट्टी औद्योगिक इलाके का दौरा किया। उन्होंने उद्योगों से निकले कचरा के संग्रहण के लिए चिन्हांकित स्थल को फेंसिग कर सूचना फलक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने उस स्थल को भी देखा जहां कचरे का अंबार लगा था और नियम विरूद्ध तरीके से इसका डिस्पोजल किया जा रहा था। कलेक्टर के निर्देश के बाद इस स्थल के संपूर्ण कचरे को साफ करके मैदान का समतलीकरण किया जा चुका है। यहां पर बोर्ड भी लगाया गया है। कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने सिरगिट्टी के बाद आगे पेण्ड्रीडीह बाईपास इलाके का भी भ्रमण कर कोल डस्ट एवं धूल प्रदूषण के हालात का जायजा लिया। कलेक्टर ने अफसरों से जोर देकर कहा कि खुले हुए ट्रक में कोल अथवा अन्य खनिजों के परिवहन पर सख्त कार्रवाई किया जाये। धूल एवं वायु प्रदूषण के प्रमुख कारणों में खुले में खनिज परिवहन को माना गया हैं। उन्होंने प्रदूषण मण्डल, आरटीओ, खनिज एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से कई धाराओं के तहत एक साथ कार्रवाई के निर्देश दिए ताकि कोई भी व्यक्ति दुबारा गलती करने से बाज आये।

बिलासपुर/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत के मनरेगा के समन्वयक शिकायत निवारण प्रमिल लठारे को गणतंत्र दिवस पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

गणतंत्र दिवस

एसईसीएल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने फहराया तिरंगा

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल के वसंत विहार ग्राउंड में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ प्रेम सागर मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने परेड कमांडर व्ही. दक्षिणामूर्ति एवं उप परेड कमांडर डी.पी दिवाकर के नेतृत्व में आयोजित मुख्य परेड का निरीक्षण किया, परेड निरीक्षण के समय मुख्य अतिथि के साथ अशोक कुमार सुरक्षा प्रमुख उपस्थित रहे। परेड में एसईसीएल सुरक्षा विभाग के दो प्लाटून का नेतृत्व श्री विजय कुमार गुप्ता एवम चमरु चौहान ने किया, एनसीसी जूनियर विंग ब्वायज एवम गर्ल नेतृत्व क्रमशः हर्षदीप लूथरा कक्षा 10वीं एवं कुमारी वैष्णवी तिवारी कक्षा 11वीं, डीएवी स्कूल गर्ल्स एवं ब्वायस प्लाटून नेतृत्व कुमारी ओशिन मेश्राम कक्षा 12वीं एवं भारत शंकर आचार्य कक्षा 12वीं ने किया। परेड में बैंड प्लाटून का नेतृत्व सूबेदार मेजर बेनी प्रसाद द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने अपने संदेश में गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी भारतवासियों के लिए यह गर्व का विषय है कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ-साथ सबसे बड़े गणतंत्र का भी हिस्सा हैं। इस वित्तीय वर्ष के 9 महीनों में एसईसीएल ने कोयला उत्पादन, डिस्पैच व ओबीआर में ऐतिहासिक प्रदर्शन दर्ज किया है। अप्रैल से दिसम्बर 2023 तक, कंपनी ने कोयला उत्पादन में गत वर्ष की तुलना में 16.51 मिलियन टन एवं डिस्पैच में 17.05 मिलियन टन की वृद्धि दर्ज की है, वहीं ओबीआर में गत वर्ष की तुलना में रिकार्ड 59.43 मिलियन क्यूबिक-मीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। इस वर्ष कम्पनी ने सबसे तेज गति से 100 मिलियन टन प्रोडक्शन, ऑफटेक तथा 200 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर का भी कीर्तिमान बनाया है परन्तु हमारे सामने, इस वित्तीय वर्ष 2023- 24 के वार्षिक लक्ष्य की प्राप्ति की कड़ी चुनौती है। कोयला उत्पादन एवं प्रेषण के वार्षिक लक्ष्य 197 मिलियन टन की प्राप्ति हेतु हमें उत्पादन एवं प्रेषण रेट को इस वित्तीय वर्ष के बचे दिनों में तेजी से बढाने कि आवश्यकता है संवेदनशीलता एवं संवादशीलता हमारे कार्यसंचालन और कार्य व्यवहार का आधारभूत सिद्धांत है और हमारा हमेशा यही प्रयास होता है कि हम अपने सभी हितधारकों के साथ संवेदनशील एवं संवादशील बने रहें। मुझे हर्ष है कि भारत सरकार के सीपीग्राम पोर्टल पर एसईसीएल से जुड़े शिकायतों के निपटारे में तेजी आई है तथा पिछले लगभग 4 वर्ष की अवधि में औसत निपटारे का समय 8 दिन दर्ज किया गया है, जो कि अत्यंत सराहनीय है। भूस्वामियों को उनका हक तेजी से मिले,समय पर मिले, इस हेतु कम्पनी निरंतर प्रयासरत है। आप अवगत होंगे कि मेगा प्रोजेक्ट्स में भूस्वामियों के लिए कोल इण्डिया में पहली बार एसईसीएल ने आकर्षक और बेहतर पैकेज की घोषणा की है तथा मुझे खुशी है कि हमें भूस्वामियों का सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। हम राष्ट निर्माण में, राष्ट की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में, उनके योगदान को नमन करते हैं।

वैदिक महाविद्यालय में प्रतिभाओं का सम्मान

सीपत/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सीपत अंचल में सभी ओर राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का जज्बा दिखा। वैदिक महाविद्यालय सीपत में सद्भावना एवं हर्षोल्लास के साथ संस्था की उपसंचालिका मीना पांडेय ने ध्वजारोहण किया गया। भारतमाता व बलिदानी क्रांतिकारियों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।

अध्यक्षता कर रहे श्रीमती मीना द्वारिकेश पांडेय ने अमर शहीदों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। यह लोकतंत्र जनता के द्वारा जनता पर चलाए जाने वाला शासन है। हमें अपने राष्ट्रध्वज का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने शहीद विनोद को याद करते हुए कहा कि सीपत के माटीपुत्र शहीद विनोद की शहादत कभी व्यर्थ नही जाएगी। देश के लिए उनके प्राणों का बलिदान कभी बेकार नही जाएगा। बलिदानी क्रांतिकारी द्वारा दिए योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेंगे। देश के लिए जो प्राण न्यौछावर किए उन्हें हम सब के तरफ से शत शत नमन। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र धीवर ने कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना जरूरी है। इनके हुनर को तराशने का यही एक माध्यम है। इससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गणतंत्र दिवस पर जनता को सभी ने शुभकामना प्रेषित किया है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बांके बिहारी गुप्ता सीपत विद्युत विभाग एई आरके चौहान जेई अनुराग सोनी गणेशराम यादव पंच दिलीप वर्मा डॉ संतोष साहू विनोद यादव विनोद विजय सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक हिमांशु गुप्ता ने किया।

सुनो भाई उधो

तोला का भइगे लेड़गी...

समाज में अनेक तरह की विसंगतियां, बुराइयां होती है जिसको लेकर आपस में कहा-सुनी हो जाया करती है। दो के झगड़े में तीसरे को नफा अथवा नुकसान तो उठाना ही पड़ता है, इसलिए समझदारी इसी में होती है कि कोई भी इस तरह के मामलों में न पड़ें। लेकिन कुछ मामले

परमानंद वर्मा

ऐसे होते हैं जो भावनात्मक रूप से जुड़े होते हैं, और उससे बच पाना असंभव होता है। इसी तरह के मामले से संबंधित एक प्रेम कहानी है। प्रेमी-प्रेमिका किसी बात को लेकर झगड़ पड़ते हैं और उसका खामियाजा प्रेमिका की बेटी को उठाना पड़ता है। पढिये छत्तीसगढ़ी कहानी- तोला का भइगे लेडग़ी..? तैं काकर भभकी मं आगेस, अइसने कोनो करही, खाय बर देहस तउन थारी ल कोनो नंगाही, झटक के लेगही? का होगे तोला आज, अइसन तो नइ करत रेहे? सतनारायन अकबका जथे, अंजनी के अइसन चाल ल देखके। ओहर कहिथे- तीन-चार दिन ले ताड़त हौं, तोला कइसे का बात होगे हे ते थोकन अनमने ढंग ले राहत हस। न पहिली जइसे हांस के, परेम के बोली-बात करत हस, सांप-डेडू, बिच्छी तो नइ काट दे हे। अंजनी न चिट करत हे न पोट, सतनारायण कुकुर असन अपने अपन हांव-हांव करत भूकत हे। पहिली तो देख, खाना दीस, तहां ले बाहिर पार, खोर दुआरी मं चल दीस अउ परोसिन संग लपर-लिपिर मारे ल धर लीस। पानी घला नइ दीस। जबकि खाना दे के पहिली हमर इहां रिवाज हे पानी पिढ़वा लगाथें। परोसिन करा ले कोन जनी का पाठ पढ़के अइस ते ओला पढ़ा दे गिस, आते साठ खाना खाय बर शुरू करत रेहेंव तउन थारी ल उठा के लेगे।

सतनारायन हड़बड़ागे। ओकर कांही समझ नइ आवत हे कि माजरा का हे? ओहर कहिथे- अंजनी! ओहर टेडगा बानी मं कहिथे- झन काह मोला अंजनी, मरगे तोर बर ये अंजनी हा। नइ करत हौं तोला प्यार, हमर-तोर पिंयार के नाटक इही तीर ले खतम। गंज करा धोवन के बरतन मं हाथ-मुंह धोके सतनारायन ओकर तीर मं आथे अउ कहिथे- अंजनी, तोर घर मैं बरपेली नइ आय हौं, ते बलाय रेहे, अमुक तारीख-तिथि, घड़ी मं आबे, मोर गोसइयां बिलासपुर गे हे। बने हांसबो, गोठियाबो, छेहेल्ला मारबो। अब जब तोर बलाय ऊपर ले आगेंव तब तोला का शनिच्चर धर लीस, बही-भुतही कस होगेस?

हां... हां... मैं बही-भूतही होगे हौं, शनिच्चर मोर ऊपर खपलागे हे, बस अतकेच ना, ते अउ कुछु केहे बर बांचे हे? सतनारायण ल वाजिब मं कुछु बात समझे नइ परत हे के आखिर एला हो कागे? ओकर तीर मं जाके ओले पोटारे कस करथे तब घोड़ी हा जइसे घोड़ा ल छटारा मार के अपन तीर ले भगा देथे वइसने कस खेल अंजनी जब करिस तब सतनारायन सुकुरदुम होगे। एकर पहिली तो कभू अइसन नइ होय रिहिस हे? बने रासलीला में मगन हो जावत रिहिस हे दुनो झन।

अंजनी अउ सतनारायन के बीच तो तीस-पैंतीस बछर ले ये परेम अउ रासलीला चलत आवत हे फेर कोनो अइसे आज तक नइ जान सके हे के ये दूनो झन के बीच मं कोनो खो-खो, फुगड़ी के खेल चलत आवत हे। दूनो झन लोग-लइका वाले हे, उमर खसल के अधिया गे हे फेर ओ खेल नइ छूटे हे। पहिली चिठ्ठी-पतरी अउ फोन के जमाना रिहिसे, उही मं अपन गोठ-बात, मिलना-जुलना, होटल जाना, फिलिम देखा सब हो जात रिहिसे। जब ले इंटरनेट आय हे, मोबाइल आय हे तउन तो अउ सब सुविधा ल परोस दीस। रायपुर मं बइठे हे अउ लंदन, अमरीका, मुंबई, कोलकाता बात कर लेथे, फोटो समेत हांस-गोठिया लेथे आनी-बानी के। जइसन चरित्तर नहीं तइसन ये इंटरनेट अउ मोबाइल हा देखावत सुनावत हे। धुर्रा छोड़ावत हे। ओ दिन के घटना, सतनारायन ल बने नइ लगिस, जोरदार ठेस लगिस ओकर दिल मं, अंतस के पीरा ला उही जानही।

संतान प्राप्ति और लंबी उम्र के लिए सकट चौथ पर गणेश जी की पूजा

सकट चौथ का व्रत सोमवार 29 जनवरी को है। यह व्रत माघ महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा जाता है। इस दिन भगवान गणेश और चंद्रमा की पूजा- अर्चना की जाती है। माताएं इस व्रत को संतान की प्राप्ति और संतान की लंबी उम्र के लिए रखती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन गणेश भगवान की पूजा अर्चना करने से जीवन में हर तरह का विघ्न समाप्त होता है। जिन्हें संतान की चाह होती है उन्हें संतान प्राप्ति और संतान की सलामती के लिए भी यह व्रत रखा जाता है। इस दिन तिलकूट का प्रसाद बनाया जाता है और भगवान गणेश को भोग लगाया जाता है। इसलिए इसे तिलकूट चतुर्थी भी कहा जाता है। सकट चौथ के दिन चन्द्रोदय समय- रात 09 बजकर 10 बजे होगा। इसी समय चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाएगा और व्रत को खोला जाएगा। माघ कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 29 जनवरी को सुबह 6 बजकर 10 मिनट से शुरू होगी और 30 जनवरी को सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगी। इस व्रत में कथा पढ़ी जाती है। एक कथा भगवान शंकर वाली है और एक कथा कुम्हार वाली है। देश के अलग-अलग हिस्सों में चंद्रोदय का समय अलग-अलग होता है।

शास्त्रों में बताया गया है कि सकट चौथ के दिन भगवान गणेश को तिल और गुड़ से बने लड्डू का भोग लगाना चाहिए. साथ ही भगवान को मोदक का भोग लगाएं. ऐसा करने से भगवान गणेश प्रसन्न होते हैं। सकट चौथ के दिन भगवान गणेश के बीज मंत्र '? गं गणपतये नम:' इस मंत्र का जाप करें. मान्यता है कि ऐसा करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है. साथ ही सभी मनोकामना पूर्ण हो जाती है। सकट चौथ व्रत के दिन भगवान गणेश के मंदिर जाकर भगवान गणेश की उपासना करें और तिल अर्पित करें. ऐसा करने से करियर में आ रही समस्याएं दूर हो जाती है और सफलता के योग बनते हैं। भगवान गणेश की उपासना के लिए गणेश यंत्र की पूजा करें और पूजा स्थल पर दो सुपारी रखकर उनकी उपासना करें और उसे परी को एक लाल कपड़े में बांधकर तिजोरी में रख दें. ऐसा करने से आर्थिक समस्याएं दूर हो सकती हैं और जीवन में आ रही समस्याओं का समाधान प्राप्त होता है।

सकट चौथ शुभ मुहूर्त:

माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी प्रारंभ: 06.10 ए एम (29 जनवरी 2024, सोमवार)

माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी समाप्त: 08.54 ए एम (30 जनवरी 2024, मंगलवार)

चंद्रोदय: 09.10 पीएम (देश के विभिन्न हिस्सों में चंद्रोदय का समय अलग-अलग होता है,)।

जानिए सकट चौथ का महत्व, मुहूर्त एवं पूजा विधि!

सकट चौथ का महत्व



हिंदू धर्म में सकट चौथ का विशेष महत्व है। वैदिक पंचांग के अनुसार यह व्रत हर वर्ष माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इसे लंबोदर चतुर्थी, माघी चतुर्थी , तिलकुटा चौथ के नाम से भी जाना जाता है। वहीं यह व्रत भगवान गणेश को समर्पित होता है। मान्यता है जो भी व्यक्ति इस दिन व्रत रखकर भगवान गणेश जी पूजा- अर्चना करता है, उसके जीवन में सुख- समृद्धि का वास रहता है। साथ ही संतान प्राप्ति के योग बनते हैं। वहीं संतान दीर्घायु होती है। इस साल सकट चौथ का व्रत 29 जनवरी को रखा जाएगा। सकट चौथ यानी संकटों को दूर करने वाली गणेश चतुर्थी. इस दिन व्रत करने से जातक की सारी समस्याओं को विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी दूर करते हैं. इस दिन व्रत करने वाली महिलाओं के लिए पूजा में आवश्यक मंत्र, तिल-गुड़ का भोज लगाना आवश्यक माना जाता है. इसके अलावा सकट चौथ व्रत की कथा भी सुनना महत्वपूर्ण होता है.

सकट चौथ पूजन विधि

प्रात:काल स्नान करके गणेश जी की पूजा का संकल्प लें।

इस दिन फलाहार ही करना चाहिए।

संध्याकाल में भगवान गणेश की कथा पढ़ें

भगवान को तिल के लड्डू और पीले पुष्प अर्पित करें । भगवान गणेश को दूर्वा भी अर्पित करनी चाहिए।

चन्द्रमा को अर्घ्य दें ।

आरती

सकट चौथ के दिन करें श्री गणेश की आरती

जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा माता जाकी पार्वती पिता महादेवा॥ जय

एक दंत दयावंत चार भुजा धारी। माथे सिंदूर सोहे मूसे की सवारी ॥

अंधन को आंख देत, कोढ़िन को काया। बांझन को पुत्र देत, निर्धन को माया ॥ जय

हार चढ़े, फूल चढ़े और चढ़े मेवा। लड्डुअन का भोग लगे संत करें सेवा ॥

दीनन की लाज रखो, शंभु सुतकारी। कामना को पूर्ण करो जाऊं बलिहारी॥ जय

'सूर' श्याम शरण आए सफल कीजे सेवा। जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा।

माता जाकी पार्वती पिता महादेवा॥ जय

सकट चौथ व्रत कथा

किसी नगर में एक कुम्हार रहता था। एक बार जब उसने बर्तन बनाकर आंवां लगाया तो आंवां नहीं पका। परेशान होकर वह राजा के पास गया और बोला कि महाराज न जाने क्या कारण है कि आंवा पक ही नहीं रहा है। राजा ने राजपंडित को बुलाकर कारण पूछा। राजपंडित ने कहा, ''हर बार आंवा लगाते समय एक बच्चे की बलि देने से आंवा पक जाएगा।'' राजा का आदेश हो गया। बलि आरम्भ हुई। जिस परिवार की बारी होती, वह अपने बच्चों में से एक बच्चा बलि के लिए भेज देता। इस तरह कुछ दिनों बाद एक बुढ़िया के लड़के की बारी आई। बुढ़िया के एक ही बेटा था तथा उसके जीवन का सहारा था, पर राजाज्ञा कुछ नहीं देखती। दुखी बुढ़िया सोचने लगी, ''मेरा एक ही बेटा है, वह भी सकट के दिन मुझ से जुदा हो जाएगा।'' तभी उसको एक उपाय सूझा। उसने लड़के को सकट की सुपारी तथा दूब का बीड़ा देकर कहा, ''भगवान का नाम लेकर आंवां में बैठ जाना। सकट माता तेरी रक्षा करेंगी।'' सकट के दिन बालक आंवां में बिठा दिया गया और बुढ़िया सकट माता के सामने बैठकर पूजा प्रार्थना करने लगी। पहले तो आंवा पकने में कई दिन लग जाते थे, पर इस बार सकट माता की कृपा से एक ही रात में आंवा पक गया। सवेरे कुम्हार ने देखा तो हैरान रह गया। आंवां पक गया था और बुढ़िया का बेटा जीवित व सुरक्षित था। सकट माता की कृपा से नगर के अन्य बालक भी जी उठे। यह देख नगरवासियों ने माता सकट की महिमा स्वीकार कर ली। तब से आज तक सकट माता की पूजा और व्रत का विधान चला आ रहा है।

सकट चौथ पर क्यों होती है चंद्रमा की पूजा, जानिए अर्घ्य देने का महत्व

इस साल सकट चौथ का व्रत 29 जनवरी दिन सोमवार को है. उस दिन माताएं अपनी संतान की सुरक्षा और सुखी जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं. इस दिन जो व्यक्ति व्रत रखकर गणेश जी की पूजा करता है, उसके संकट दूर हो जाते हैं. हालांकि सकट चौथ के व्रत में चंद्रमा की पूजा करना अनिवार्य है. काशी के ज्योतिषाचार्य चक्रपाणि भट्ट से जानते हैं कि सकट चौथ पर चंद्रमा की पूजा क्यों करते हैं? सकट चौथ पर चंद्रमा को अर्घ्य देने की विधि क्या है? चंद्रमा को अर्घ्य देने का मंत्र क्या है?

सकट चौथ पर क्यों करते हैं चंद्रमा की पूजा?

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, संकष्टी चतुर्थी को चंद्रमा की पूजा होती है और विनायक चतुर्थी पर चंद्रमा का दर्शन वर्जित है. इसके पीछे गणेश जी की चंद्र देव को दिया गया श्राप है. गणेश जी को जब हाथी का मुख लगाया गया था तो चंद्र देव हंस रहे थे. उनको अपनी सुंदरता पर घमंड था. तब गणेश जी ने उनको श्राप दे दिया कि वे अपनी चमक खो देंगे और भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को जो चांद देखेगा, उस पर कलंक लग जाएगा. इस श्राप के कारण चंद्र द्रेव कांतिहीन हो गए. फिर उनको अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्होंने गणेश जी से क्षमा मांगी और श्राप से मुक्ति का मार्ग पूछा. गणेश जी ने कहा कि श्राप तो खत्म नहीं होगा. लेकिन चंद्र देव आपकी कांति शुक्ल पक्ष में 15 दिन बढ़ेगी और फिर कृष्ण पक्ष में 15 दिन घटेगी. पूर्णिमा के दिन आप 16 कलाओं से पूर्ण होकर आसमान में आलोकित होंगे. कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर जो भी व्रत रखकर उनकी पूजा करेगा, उसे रात में चंद्रमा की भी पूजा करनी होगी. इसके बिना व्रत पूर्ण नहीं होगा. एक और कथा है. उसमें भगवान शिव ने गणेश जी को देवताओं को संकट दूर करने का आदेश दिया था. उसके साथ यह वरदान दिया था कि जो भी व्यक्ति चतुर्थी के दिन गणेश जी की पूजा करेगा और चंद्रमा को अर्घ्य देगा, उसके संकट दूर हो जाएंगे।

सकट चौथ पर चंद्रमा को अर्घ्य देने की विधि

सकट चौथ की रात चंद्रमा 09:10 पीएम पर निकलेगा. तब आप चांदी के गिलास या फिर लोटे में जल भर लें. फिर उसमें गाय का कच्चा दूध, अक्षत् और सफेद फूल डाल लें. उसके बाद चंद्र देव का स्मरण करके उनको अर्घ्य दें. अपने संकटों को दूर करने और संतान के सुखी जीवन के लिए प्रार्थना करें।

चंद्रमा को अर्घ्य देने का मंत्र

गगनार्णवमाणिक्य चन्द्र दाक्षायणीपते।
गृहाणार्घ्यं मया दत्तं गणेशप्रतिरूपक॥

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1813 में आज ही के दिन यूनाइटेड किंगडम में पहली बार 'प्राइड एंड प्रेजुडिस' किताब का प्रकाशन हुआ था। 1835 में आज ही के दिन पश्चिम बंगाल में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की शुरू हुआ था। 1846 में 28 जनवरी के दिन ही ब्रिटिश सेना ने अलीवाल के युद्ध में रंजोध सिंह की सेना को हराया था। 1878 में आज ही के दिन पहला टेलीफोन एक्सचेंज अमेरिका के न्यू हेवन में बना था। 1887 में 28 जनवरी के दिन ही फ्रांस की राजधानी पेरिस में एफिल टॉवर का काम शुरू हुआ था। 1909 में आज ही के दिन अमेरिका का नियंत्रण क्यूबा पर से समाप्त हो गया था।1932 में 28 जनवरी के दिन ही जापानी सेना ने शंघाई (चीन) पर कब्जा किया था। 1935 में आज ही के दिन आइसलैंड में गर्भपात को कानूनी स्वीकृति देने वाला पहला देश बना था। 1942 में 28 जनवरी के दिन ही लीबिया के बेंगाजी पर जर्मनी की सेना ने कब्जा किया था। 1943 में आज ही के दिन एडोल्फहिटलर ने सभी युवकों को फौज में जबरन भर्ती का आदेश दिया था।

QUIZ TIME

1) नए गणतंत्र दिवस पैकेट के तहत राज्यों को कितने वर्षों में एक झांकी प्रस्तुत करने की अनुमति दी गयी है?

2) कहलगाँव परियोजना कहाँ स्थित है?

3) भारत की संसद अवशिष्ट शक्तियों का उपयोग कब कर सकती है?

4) अकबर ने किसे जगदगुरू की उपाधि दी थी?

5) प्रबंधक और खिलाड़ी दोनों के रूप में फीफा विश्व कप जीतने वाले पहले व्यक्ति कौन थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 03 साल (2) बिहार (3) राष्ट्रीय आपात स्थिति तथा राज्यों में संवैधानिक आपात स्थिति में (4) हीर विजय सूरी (5) मारियो जागालो, ब्राजील

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -316

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छ: ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 315 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म			स
ट		भ	ला	ई		अ	स	म
ना	म			स	मा	धि		झ
	ज		बे		न	का	र	ना
बा	बू		आ	य	क	र		
	र	की	ब				प्र	था
ज			रू	प	क		ज	न
हा		पा		ना	म	ची	न	
ज	हां	प	ना	ह		ता	न	ना

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:19, सूर्यास्त : 06:00, चन्द्रोदय : 19:17, चन्द्रास्त : 08:20

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : मघा, योग : सौभाग्य, प्रथम करण : तैतिल (14:25 तक), द्वितीय करण : गर (27:36 तक)

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : सिंह (13:01 से), मंगल : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:08 से 12:51, अमृत काल : 11:15 से 13:01, विजय मुहूर्त : 14:16 से 14:59, गोधूलि मुहूर्त : 17:46 से 18:13, सायाह्न सन्ध्या : 17:49 से 19:09, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:56, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:49 से 15:09, होमाहुति : चन्द्र (13:01 से मंगल), दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : उत्तर (पूर्व 13:01 से), शिववास : सभा में (27:36 से क्रीड़ा में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज का दिन बीते कल की अपेक्षा राहत वाला रहेगा। आज आप दिन के आरम्भ से शांत स्थान की तलाश में रहेंगे।

वृष: आज का दिन असमंजस में बीतेगा। लोगो का व्यवहार आपकी आशा के विपरीत रहेगा मन मे किसी गुप्त कारण से भय बना रहेगा।

मिथुन: आज का दिन आनंद से व्यतीत होगा लेकिन आपका अटपटा स्वभाव घर मे कोई नया विवाद खड़ा कर सकता है।

कर्क: आज के दिन आप कल्पना की दुनिया की सैर करेंगे अधिकांश कार्य अनदेखी के कारण अस्त-व्यस्त रहेंगे।

सिंह: आज मध्यान तक की दिनचर्या परिश्रम वाली रहेगी किसी कार्य के असफल होने से निराश होंगे लेकिन धर्य ना छोड़े दोपहर के बाद कि स्थिति लाभदायक रहेगी।

कन्या: आज आपको स्वयं अथवा किसी परिचित के कार्य से दौड़धूप करनी पड़ेगी। पारिवारिक वातावरण भी उखड़ा हुआ रहेगा।

तुला: आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। आज आपको किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का सहयोग मिलेगा लेकिन इसके लिये काफी परिश्रम करना पड़ेगा।

वृश्चिक: आज का दिन भी आपके आशानुकूल रहेगा दिन का आरंभिक भाग सुस्त रहने से कार्य विलम्ब होगा लेकिन मध्यान तक स्थिरता आने लगेगी कार्यो को गंभीरता से करेंगे।

धनु: आज का दिन आपके लिये भाग्योदय कारक रहेगा दिन के आरम्भ से ही शारीरिक रूप से तरोताजा बने रहेंगे लेकिन घरेलू कार्यो को करने में आनाकानी करेंगे।

मकर: आपके लिये आज का दिन उतार चढ़ाव वाला रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में सेहत को लेकर आशांकित रहेंगे फिर भी कार्य भार के चलते अनदेखी करनी पड़ेगी।

कुंभ: आपको आज किसी अनचाही परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा दोपहर तक कोई ना कोई उलझन शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान रखेगी। मनोकामना पूर्ति में कुछ ना कुछ बाधा अवश्य आयेगी। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धा अधिक रहेगी।

मीन: आज आपका स्वभाव अत्यंत स्वार्थी रहेगा। घर एवं कार्य क्षेत्र पर केवल मतलब से व्यवहार करेंगे।

न्यूज गैलरी

420 का फरार आरोपी पटवारी गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। घटना का विवरण इस प्रकार है कि शासकीय दस्तावेजों में कूटरचना कर फरार आरोपी कुंज बिहारी बेसवाड़े को सक्ती पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है,सक्ती जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे के द्वारा लंबे समय से फरार आरोपी तत्कालीन पटवारी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए थे। जिसका पर्यवेक्षण एएसपी गायत्री सिंह के द्वारा किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सक्ति पुलिस को सूचना मिली की फरार पटवारी कुंज बिहारी बेसवाडे बिलासपुर में मौजूद है जिसपर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल विशेष टीम बनाकर बिलासपुर के लिए रवाना किया जहां से पटवारी कुंज बिहारी बेसवाड़े को गिरफ्तार कर सक्ती लाया गया। सक्ती के तत्कालीन पटवारी कुंज बिहारी बेसवाड़े पर शासकीय दस्तावेजों में कूटरचना करने पर तत्कालीन नायब तहसीलदार शिव कुमार डंसेना ने शिकायत पर जांच कार्यवाही के बाद सक्ती थाने में हेमलता बंसल/पति जगदीश बंसल और पटवारी कुंज बिहारी बेसवाड़े के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने का आवेदन प्रस्तुत किया था जिसपर सक्ती थाने में दोनो के हेमलता बंसल/पति जगदीश बंसल और पटवारी कुंज बिहारी बेसवाड़े के खिलाफ 4/9/2021 को धारा 420,467,468,471,34 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था,मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी पटवारी कुंज बिहारी बेसवाड़े फरार चल रहा था वही हेमलता बंसल पति जगदीश बंसल की गिरफ्तारी की जा चुकी थी।फरार पटवारी कुंज बिहारी बेसवाड़े को को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय में पेश किया गया है,। उल्लेखनीय है कि कुंजबिहारी बैसवाड़े को वर्ष 2011 के इसी प्रकार के एक मामले में माननीय न्यायालय के द्वारा सजा भी दी जा चुकी है।

निष्पक्ष मतदान करने अफसरों ने ली शपथ

अंबिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कमिश्नर जीआर चुरेंद्र ने संभागायुक्त कार्यालयों के अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई। मतदाता शपथ लेते हुए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरीमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की शपथ ली।

बीएलओ एवं स्काउट गाइड हुए सम्मानित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरगुजा राम कुमार तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, जिला साक्षर अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी गिरीश गुप्ता, जिला आईकन संजय सुरीला, वंदना दत्ता, तमन्ना जायसवाल, रीता अग्रवाल, डॉ. नीरज वर्मा एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्कूली छात्रों ने मतदाता जागरूकता को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वहीं सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी गई। साथ ही जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान संचालित स्वीप गतिविधियों का फोटो प्रदर्शनी प्रस्तुत किया गया।

निकायों में चला स्वच्छता अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन की महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री राहुल देव के मार्गनिर्देशन में जिले के सभी नगरीय निकायों में साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान अंतर्गत नगरीय निकायों के गली-मोहल्लों और चैक-चैराहों में साफ-सफाई की गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के चारों नगरीय निकायों मुंगेली, लोरमी, पथरिया एवं सरगांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों ने मौके पर जाकर साफ-सफाई अभियान का जायजा लिया तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से लोगों को स्वच्छता एवं सफाई के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि नगरीय निकायों को साफ-सुथरा बनाने कलेक्टर के मार्गदर्शन में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में जिले के मुंगेली नगर पालिका तथा पथरिया नगर पंचायत ने जी.एफ.सी. वन स्टार रैंकिंग हासिल किया।

जिला मुख्यालय में हर्षोल्लास से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ली परेड की सलामी, फहराया तिरंगा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। 75वां गणतंत्र दिवस जिले में हर्षोल्लास व गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने पीजी कॉलेज के मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इसके पश्चात जिला पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल, जिला होमगार्ड, एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया।

मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का राज्य की जनता के नाम गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया। मुख्यमंत्री द्वारा संदेश में शासन की कल्याणकारी नीतियों की जानकारी और निर्णयों की जानकारी समाहित की गई जिसमें 18 लाख हितग्राहियों को पक्के आवास, घर-घर नल से जल प्रदाय, 12 लाख किसानों को धान बोनस के 3,716 करोड़ रूपए भुगतान, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी, सिंचाई के लिए निःशुल्क बिजलीः 1,123 करोड़ रूपए का प्रावधान, महतारी वंदन योजना में प्रतिवर्ष 12,000 रूपए की राशि, पारदर्शीता के साथ पीएससी तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन, विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों को योजनाओं का लाभ, विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए पीएम-जनमन योजना के क्रियान्वयन के बारे में बताया गया। संदेश वाचन के पश्चात तिरंगे रंग के गुब्बारे आकाश में उड़ाये। उन्होंने देश सेवा करते हुए शहादत पाने वाले शहीदों के परिवारों से मिलकर उन्हें शाल एवं श्रीफल देकर उनका सम्मान किया। इसके साथ ही स्कूली बच्चों की सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा। इस दौरान विभागीय झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद पुरस्कार वितरण एवं उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के बाद समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान विभागीय झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं जिसमें विभागों से सम्बंधित योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना की थीम पर आधारित जिला पंचायत की झांकी को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर थीम, शिक्षा विभाग द्वारा पीएम श्री योजना, पीएमजीएसवाय द्वारा पीवीटीजी बसाहटों में रोड कनेक्टिविटी, आदिवासी विकास विभाग द्वारा पहाड़ी कोरवा आदिवासी विद्यालय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पीएम आवास योजना, कृषि एवं सहायक विभाग द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि एवं केसीसी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन, विद्युत विभाग एवं क्रेडा के द्वारा पीवीटीजी बसाहटों में बिजली कनेक्शन, जल संसाधन विभाग द्वारा बांधो के माध्यम से सिंचाई विस्तारीकरण, वन विभाग द्वारा वन धन केंद्र से आर्थिक सशक्तिकरण, उद्यानिकी विभाग द्वारा शेडनेट से बीजोत्पादन, नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा पीएम स्वनिधि एवं अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट, स्वीप द्वारा मतदाता जागरूकता, जेल अधीक्षक के द्वारा सजा से सृजन, होमगार्ड द्वारा फायर एवं एसडीआरएफ रेस्क्यू द्वारा झांकी का प्रदर्शन किया गया।

शहीद के परिजनों को किया सम्मानित

सक्ती/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय सक्ती में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह देशभक्ति की भावना और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह कलेक्टर कार्यालय के निकट मैदान में गरिमामय और भव्य रूप से आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर - चांपा गुहाराम अजगले ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री का जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं पर आधारित झाकी प्रदर्शनी से गणतंत्र दिवस समारोह में आए लोगो को योजनाओ की भौतिक रूप से भी जानकारी मिली। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा शानदार सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही शहीद के परिजनों को भी सम्मानित किया गया व विभिन्न शासकिय विभागों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर कार्यालय के निकट मैदान में मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के बाद कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे के साथ परेड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि गुहाराम अजगले ने जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शांति के प्रतीक रंगीन गुब्बारे भी छोड़े गए। मुख्य कार्यक्रम में परेड कमांडर डी.एस.पी. चन्द्रहास के नेतृत्व में आकर्शक मार्चपास्ट किया गया। मुख्य अतिथि सांसद श्री गुहाराम अजगले के द्वारा मुख्य कार्यक्रम स्थल पर तहसीलदार मनमोहन सिंह, तहसीलदार श्री भीष्म पटेल, डीएसपी चंद्रहास, प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी आनंद कुमार दुबे सहित अन्य अधिकारियो को उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर भोस्कर ने फहराया तिरंगा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में कलेक्टर विलास भोस्कर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके पूर्व उन्होंने परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पण कर उन्हें नमन किया। कलेक्टर ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर भोस्कर ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रदेश और देश के हित में कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरगुजा प्रशासन एक टीम है, जिसमें हर एक कर्मचारी महत्वपूर्ण है। जनकल्याण हेतु टीम भावना से काम करें जिससे जिले की प्रगति हो और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। इस दौरान उनकी पत्नी प्रीति भोस्कर भी मौजूद रहीं। नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार ने भी सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और भारत के संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, अपर कलेक्टर सुनील नायक, टेकचन्द अग्रवाल, एएल ध्रुव, सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण कार्यक्रम अंगना म शिक्षा के तहत संकुल केंद्र फास्टरपुर में शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बच्चों में भाषायी व संख्यात्मक कौशलों के विकास पर चर्चा हुई। प्रशिक्षण में चार संकुल दाबो, फास्टरपुर, बिजातराई, सेमरकोना के शिक्षक-शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर व सीएसी संकुल दाबो रामेश्वर प्रसाद साहू ने बच्चों को खेल-खेल में अंक पहचान, शब्द बनाना, बंडल बनाना व गिनती सिखाने का प्रशिक्षण दिया। सक्रिय सीएसी तोरन अंचल, सुखदेव सिंगरौल शिक्षिका रेणु क्लाडियस, लोकेश्वरी कश्यप ने प्रशिक्षण में अपनी विशेष सहभागिता निभाई। इस दौरान हायर सेकंडरी स्कूल फास्टरपुर के प्राचार्य एनडी कुर्रे, शिक्षक शिक्षिकाओं में देवेंद्र सिंह परिहार, देव प्रसाद पात्रे, सुरेश बर्मन, तपस्वी, दरेश, विजय कुमार जयश्री युगल सोनवानी, निशा देवांगन, आशा गुप्ता, नेमिन कुर्रे, कांति टंडन, गीता किरण सोनी आदि उपस्थित थे।

हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में 26 जनवरी को 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक जिला मुख्यालय मुंगेली स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और आगामी कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने इस अवसर पर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली तथा नागरिकों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि श्री कौशिक ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह के साथ शांति के प्रतीक श्वेत कपोत और हर्षोल्लास एवं खुशहाली के प्रतीक तीन रंगों के गुब्बारों को उन्मुक्त आसमान की ओर छोड़ा। परेड कमांडर जितेंद्र कुंभकार एवं परेड उप कमांडर दीपक तिवारी के नेतृत्व में 12 प्लाटून दलों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित समारोह में नृत्य संगीत के रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जो कि दर्शकों के ध्यान आकर्षण का विशेष केन्द्र बना रहा। स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम बी. आर. साव स्कूल मुंगेली के छात्र-छात्राओं ने सतनाम और मनखे-मनखे एक समान के संदेश के साथ पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

अब एनजीडीआरएस सॉफ्टवेयर के जरिए होगी जमीन की रजिस्ट्री

मुंगेली/नवप्रदेश। पंजीयन में जालसाजी की संभावना को कम करने के लिए एनजीडीआरएस सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के मुंगेली एवं पथरिया उप पंजीयक कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से की जाएगी। एनजीडीआरएस प्रणाली में दस्तावेजों के पंजीयन के लिए पक्षकार अथवा उसके प्रतिनिधि को पहली बार वेबसाईट के सिटीजन पार्ट में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद सिटीजन लॉगिन कर संबंधित पंजीयन कार्यालय एवं विलेख प्रकार का चयन करना होगा ऑनलाईन उपलब्ध फार्म में पक्षकारों और संपत्ति का विवरण को भरने पर स्वतः बाजार मूल्य, स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन शुल्क की गणना हो जायेगी। इसके बाद पंजीयन के लिए सुविधानुसार समय एवं तिथि का चयन कर अपाईमेंट बुक कर आवेदक निर्धारित तिथि में दस्तावेज एवं सभी आवश्यक अभिलेखों सहित पंजीयन कार्यालय उपस्थित होकर अपने दस्तावेज का पंजीयन करा सकेंगे। शुल्क प्राप्ति के पश्चात् वेरिफिकेशन उपरांत उसी दिन दस्तावेज के पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण हो जायेगी एवं दस्तावेज की स्केनिंग बाद पक्षकार को मूल दस्तावेज की वापसी कर दी जाएगी।

नई व्यवस्था के लागू होने से समय की बचत होगी तथा दस्तावेजों का पंजीयन भी आसान हो जाएगा। इस प्रणाली में दस्तावेजों का पंजीयन ऑनलाइन सिस्टम से किया जाएगा। समस्त डाटा एनआईसी के क्लाउड सर्वर में सुरक्षित रखा जाएगा। जिले के मुंगेली एवं पथरिया उप पंजीयक कार्यालय में यह व्यवस्था 23 जनवरी से लागू हो चुकी है।

गौरतलब है कि राज्य के पंजीयन विभाग द्वारा जमीन रजिस्ट्री को पारदर्शी बनाने के लिए एनआईसी में पुणे में विकसित एनजीडीआरएस सॉफ्टवेयर को लागू किया जा रहा है। इस सॉफ्टवेयर में बेहतर प्रावधानों का समावेश किया गया है। सम्पत्ति के हक एवं स्वामित्व की जांच के लिए राजस्व विभाग के भुईया सॉफ्टवेयर से इसका इंटीग्रेशन किया गया है। आने वाले समय में आधार एवं पैन से जोड़कर पक्षकारों की शिनाख्ती एवं वेरिफिकेशन ऑनलाइन किया जा सकेगा। विभाग द्वारा दस्तावेज लेखकों एवं अधिवक्ताओं को इस सॉफ्टवेयर के संचालन के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

मुंगेली। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रकुमार अजगल्ले के मागदर्शन में कन्या शाला मुंगेली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री मयंक सोनी ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने एवं सुरक्षित रहते हुए देश के हर विभाग में अपनी भूमिकओं को बढ़ाने व संविधान द्वारा प्रदत्त अवसर में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हुए एक सशक्त समाज का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया। उन्होने शिविर में उपस्थित छात्राओं को संविधान के मूल अधिकार व मूल कर्तव्य एवं संविधान में प्रदत्त बालिकाओं के उपबंध, पॉक्सो एक्ट, भा.द.सं. की धारा 354, 354, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 व 2018, खेल-कूद व्यायाम आदि के बारे में जानकारी दी और सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम 2000 व इंटरनेट के माध्यम से हो रहे अपराध और उसका किस प्रकार से निदान किया जाना है इसके संबंध में भी विस्तारपूर्वक बताया।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय नवीन महाविद्यालय फास्टरपुर सेतगंगा में इतिहास विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना तथा बालाजी चैरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में सिकलीन, थैलेसीमिया एवं ब्लड कैंसर से पीड़ित बच्चों को निःशुल्क रक्तदान प्रदान करने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम में 70 से अधिक बच्चों और महाविद्यालयीन स्टॉफ के द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अखिलेश चन्द्र वर्मा, योगेंद्र साहू, विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग, संजय बिंझवार, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, पूर्णिमा साहू, सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र, दुर्गा साहू, सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों रंजीत टोंडर, ताम्रध्वज साहू, दीनू भास्कर, अरुण, शिवप्रताप, पूनम, ललिता चंद्राकर, प्रदीप, बिंदु, सूर्यकांत बनर्जी, रवि, अन्नू मलिक, मनीष, रोहित, गणेश, संदीप, मुकेश, अरविन्द, दुर्गेश्वरी, पुष्पा तथा सभी बच्चों का योगदान रहा। रक्तदान करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र, हेलमेट और ब्लूटूथ के द्वारा सम्मानित भी किया गया।

मौसम शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सूर्योदय के काफी देर बाद लोग सड़कों पर दिखाई दे रहे

बादल छंटते ही कंपाने वाली सर्दी

मुंगेली/नवप्रदेश। मौसम की मार और बादलो के छट जाने से जनवरी महीने के प्रथम सप्ताह से जिले में ठंड का असर चरम सीमा पर है। इस बार बादलो के छट जाने के बाद लोगों को बढ़ी हुई ठंड का इस कदर सामना करना पड़ रहा है कि इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी।

लगातार पारा नीचे जा रहा हैं जिससे शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सूर्योदय होने के काफी देर बाद लोग सड़कों पर दिखाई देते हैं। वहीं शाम ढ़लते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता हैं। इस दौरान बस स्टैण्ड, पड़ाव चैक, दाऊपारा, गोलबाजार चैक जैसे सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाकर बैठे लोगों को देखा जा सकता हैं। जनवरी माह में क्षेत्र में अन्य स्थानों से भी ज्यादा कड़ाके की ठंड पड़ती हैं और यही वजह हैं कि शहर में जनवरी का महीना शुरू होते ही ठंड का असर दिखाई पड़ने लगता हैं।

शहरी क्षेत्रों में जहां लोग ठंड से बचने के लिए शाल, स्वेटर का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में आज भी लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने की जुगत करते हैं अभी हाल ही में हुई हल्की बारिश के बाद से ठंड का कहर निरंतर बढ़ता जा रहा हैं। जिसके चलते शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी

इसका व्यापक असर देखा जा रहा हैं। सुबह जहां 10 बजे तक मार्केट खुल नहीं पाता वहीं शाम को 8 बजते-बजते दुकाने बंद होने लगती हैं। बढ़ती ठंड के साथ स्कूलों में भी बच्चों की दिनचर्या पर खासा प्रभाव पड़ रहा हैं। बच्चों को ठंड से बचाने के लिए अभिभावक स्वेटर, मफलर, टोप लगाकर स्कूल भेज रहे हैं। सभी निजी विद्यालय के मापदंड के अलग-अलग रंग के स्वेटर व कोट होते हैं जिन्हें पहनकर बच्चें स्कूल आ रहे हैं। ठंड का असर शहरी क्षेत्र में भी देखा जा रहा हैं। क्षेत्र से गुजरने वाली बसों में अन्य दिनों की उपेक्षा कम लोग ही दिखाई पड़ रहे हैं। वहीं धूप निकलने के बाद ही दुपहिया वाहन चालक सड़कों पर निकलते हैं क्योंकि ठंड के कारण दुपहिया वाहन चालकों को वाहन चलाने में होने वाली असुविधा का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता हैं। रिक्शा चालकों एवं बाहर से आने वाले यात्रियों को शहर में पड़ रही कड़ाके की ठंड से दो चार होना पड़ रहा हैं।

राशनकार्ड का नवीनीकरण जरूरी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। राज्य में प्रचलित समस्त अन्त्योदय राशनकार्ड, प्राथमिकता राशनकार्ड, निराश्रित राशनकार्ड, निःशक्तजन राशनकार्ड तथा सामान्य राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण द्वारा निर्देश जारी किया गया है।

जिला खाद्य अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण की कार्यवाही 29 फरवरी 2024 तक पूर्ण किया जाना है। नवीनीकरण हेतु राशनकार्डधारीयों द्वारा आवेदन करने की समय सीमा 25 जनवरी 2024 से शुरू हो चुकी है, को 15 फरवरी 2024 निर्धारित की गई है।राशनकार्डधारीयों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए राशनकार्डों के समयबध्द नवीनीकरण हेतु आवेदनों की प्राप्ति खाद विभाग द्वारा तैयार एप्प के जरिए की जावेगी। राशनकार्डधारी द्वारा अपने एन्ड्राइड मोबाइल फोन में स्वयं ऐप को डाउनलोड करने के उपरांत इसके जरिए राशनकार्ड के प्रथम पृष्ठ में पूर्व से उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रॉनिक आवेदन प्रस्तुत किया जावेगा। राशन कार्ड के क्यूआर कोड को स्कैन करते ही राशनकार्ड नम्बर, मुखिया तथा सदस्यों की जानकारी, ई-केवायसी की स्थिति प्रदर्शित हो जावेगी।

राशनकार्ड क्यूआर कोड को अपठनीय होने की स्थिति में हितग्राही द्वारा अपना राशन कार्ड क्रमांक तथा मोबाइल नंबर को एप्प में दर्ज किया जा सकेगा तथा दर्ज मोबाइल नंबर एवं राशनकार्ड में पूर्व से दर्ज मोबाइल नम्बर समान होने की स्थिति में नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। राशनकार्ड में शामिल मुखिया अथवा परिवार के किसी भी सदस्य के ई-केवायसी का कार्य पूर्ण होने की स्थिति में आवेदक एप्प में प्रदर्शित नवीनीकरण हेतु आवेदन के बटन को क्लिक कर आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। उचित मूल्य दुकान संचालकों को खाद्य विभाग के मोबाइल एप्प को अपने टैबलेट/एन्ड्रॉयड फोन में डाउनलोड कर अपनी दुकान की आई.डी. को पंजीकृत करना होगा। जिसके उपरांत दुकान से संलग्न सभी राशनकार्डधारियों तथा इसमें शामिल सदस्यों की जानकारी नवीनीकरण हेतु उपलब्ध हो जावेगी। उचित मूल्य दुकान संचालकों द्वारा उसके दुकान से संलग्न राशनकार्डों का नवीनीकरण प्रक्रिया का पालन कर ऑनलाइन तथा ऑफलाइन मोड में किया जा सकेगा।

न्यूज गैलरी

गीतांजली स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

बिलासपुर/नवप्रदेश। गीतांजली विधालय यदुनंदन नगर, तिफ्रा में आयोजित किया गया 33 वा वार्षिक उत्सव जहां कार्यक्रम के अतिथि पूर्व ट्रेजेडी ऑफिसर सुनील पांडे जी, अनिता कबीराज जी तथा रानू विश्वकर्मा जी रहे जिनका स्वागत प्राचार्या श्रीमती पुष्पा मिश्रा जी ने किया। इस वार्षिक उत्सव में इंग्लिश मीडियम तथा हिंदी मीडियम के कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वी तक के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने गणेश वंदना, छत्तीसगढ़ी लोक नित्य, राजस्थानी, देश भक्ति, पंजाबी लोक नित्य, अयोध्या दर्शन समेत अन्य नित्य की प्रस्तुति दी।

अतिथियों ने विधालय में हुवे खेल प्रतियोगिता के विजेताओं और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले वाले छात्रों को पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर इंग्लिश मीडियम की चांदनी कौशिक तथा हिंदी मीडियम के काजल ठाकुर तथा अभय श्रीवास को स्टूडेंट्स ऑफद ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में नवनिहालो द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई साथ ही इनकी नृत्य प्रस्तुति को देखकर लोगों ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

कोदागांव सरपंच को मिला अवार्ड

कांकेर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कोदागांव सरपंच पंचूराम नायक संगठन मंत्री छत्तीसगढ़ सरपंच संघ रेशमा केशरी जनपद सदस्य ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के सलामी ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस आर साहू सेवा निवृत्त प्राचार्य ने की। इस अवसर पर जी डी वाधवानी प्राचार्य, दया राम आरदे , मधुसूदन साहू,एस आर कोरटिय, लाल दास साहू, केजू राम दुग्गा,सुकदास पटेल, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र छात्राओं ग्राम के नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचूराम नायक ने अपने उद्बोधन में लोकतंत्र का महापर्व देश का 75 वा गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाए दी। सभी बच्चों से अपने आस पास को साफ-सुथरा रखे यह हम सभी की जिम्मेदारी है। ग्राम पंचायत कोदागांव को खुले में शौच मुक्त ग्राम पंचायत प्रशस्ति पत्र सम्मान।प्रधानमंत्री आवास में उत्कृष्ट कार्य सम्मान, मुख्यमंत्री विद्युतीकरण सम्मान जनपद पंचायत कांकेर में प्रथम,स्वाच्छता में उत्कृष्ट कार्य सम्मान जिला पंचायत कांकेर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में प्रथम स्थान आने पर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस लोक तंत्र महापर्व के अवसर पर मोहन मांडवी सांसद और कलेक्टर के द्वारा प्रशस्ति पत्र से नरहरदेव मैदान में सम्मान किया गया।

उत्तम दास खरीदी प्रभारी नियुक्त

